भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1329

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

एक राज्य एक खेल

1329. श्री बी. के. पार्थसारथी:
श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने 'एक राज्य एक खेल' (ओएसओजी) पहल के अंतर्गत देश भर में राज्यों एवं संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हाँ, तो राज्यवार /संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो कोचिंग, खेल विज्ञान उपकरण, खेल सामग्री एवं सहायक कर्मचारियों जैसे सॉफ्ट घटकों हेतु प्रदान की गई वित्तीय धनराशि का वर्षवार राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रत्येक राज्य एवं संघ राज्यक्षेत्र के लिए समर्थित खेल विधाओं के ब्यौरे सहित ओएसओजी सिद्धांत के अनुरूप स्थापित या समर्थित खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों की संख्या एवं स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ओलंपिक खेल विधाओं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने एवं राज्य - विशिष्ट क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): खेल राज्य का विषय होने के कारण, कोचिंग, खेल विज्ञान उपकरण, खेल उपकरण और सहायक कर्मियों जैसे सॉफ्ट घटकों के लिए निधियों की मंजूरी और उनका जारी किया जाना, वित्तीय सहायता प्रदान करना और ओलंपिक विधाओं के लिए राज्य-विशिष्ट क्षमता का मूल्यांकन करना सहित, खेलों के संवर्धन की ज़िम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार केवल मुख्य कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है।

तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य पात्र संस्थाओं को खेल संवर्धन गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें खेल उपकरण, कोचिंग और प्रतिभा विकास तथा खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई) का परिचालन शामिल है। ओएसओजी सिद्धांत के अनुरूप कार्य कर रहे केआईएससीई की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या और स्थिति और उनके द्वारा समर्थित खेल विधाओं का विवरण, खेलो इंडिया डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर उपलब्ध हैं।

इस मंत्रालय में निधियाँ स्कीम-वार स्वीकृत और जारी की जाती हैं, राज्य-वार या घटक-वार नहीं। देशभर में पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के तहत जारी निधियों, जिसमें कोचिंग, खेल विज्ञान उपकरण, खेल उपकरण और सहायक स्टाफ जैसी सॉफ्ट घटक शामिल हैं, का विवरण इस प्रकार हैं:

वर्ष	**खेलो इंडिया स्कीम के तहत जारी निधियाँ (करोड़ रुपये में)**
2020-21	338.06
2021-22	764.29
2022-23	596.39
2023-24	872.20
2024-25	620.75
2025-26 (28.11.2025 तक)	599.12

इस मंत्रालय की स्कीमें मांग आधारित हैं। राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र सरकार और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता के लिए उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के अंतर्गत धन की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है|

*****